प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के किसानों को दी बधाई, इस योजना के तहत आज देशभर के 9 करोड़ 80 लाख किसान होंगे लाभान्वित।
- राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आज शुरू हुआ झारखंड विधानसभा का बजट सत्र, राज्यपाल ने सभी विधायकों से राज्य के विकास के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की अपील की।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने झारखंड में पर्यटन विकास को लेकर की बैठक, कहा – झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं ।
- झारखंड से दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनें रद्द, रेलवे ने तकनीकी कारणों से झारखंड स्वर्ण जयंती समेत 6 ट्रेनों का परिचालन किया निरस्त ।
- झारखंड के साहिल अमीन ने कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप का जीता खिताब।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के सभी किसानों को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अब तक लगभग तीन लाख पचास हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार के प्रयासों से देश में कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद बिहार में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। देशभर के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में 22 हजार 700 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। अब तक इस योजना के तहत 11 करोड़ किसानों को 3 करोड़ 46 लाख रुपये वितरित किए जा चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और दोपहर में भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

*******************

छठी झारखण्ड विधानसभा का प्रथम बजट सत्र आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि राज्य सरकार लगातार साइबर अपराध पर लगाम लगा रही है। सरकार ने बाल श्रम के प्रति सख्त रुख अपनाया है, साथ ही सरकार औद्योगिक विकास के लिए प्रयत्नशील है। अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना से राज्य में बदलाव देखने को मिला है। कानून का राज सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विधायकों से राज्य के विकास के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

इस सत्र में पहली बार 21 नए विधायक शामिल हो रहे है। सत्र में कुल 20 कार्यदिवस होंगे। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024–25 का तृतीय अनुपूरक बजट भी पेश किया जायेगा। इसके साथ ही 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए राज्य का बजट भी पेश किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सभी विधायकों से सत्र के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

*******************

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। श्री शेखावत ने कल रामगढ़ जिले में झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और पर्यटन विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने राज्य में पर्यटन विकास के क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी।

*******************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु हर रोज शामिल हो रहे हैं। अब तक 62 करोड़ 6 लाख से ज़्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

झारखंड से दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनें 2 मार्च तक रद्द कर दी गई हैं। तकनीकी कारणों से हटिया–आनंद विहार टर्मिनल झारखंड स्वर्ण जयंती और रांची–आनंद विहार टर्मिनल संपर्क क्रांति 27 फरवरी को जबकि हटिया–आनंद विहार टर्मिनल झारखंड स्वर्ण जयंती 28 फरवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा, 2 मार्च तक जम्मू तवी–संबलपुर, जम्मू तवी–टाटानगर और संबलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस समेत कुल 6 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। यात्रियों को सफर से पहले रेलवे से अपडेट लेने की सलाह दी गई है।

*******************

पाकुड की आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलम्बन की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

*******************

- मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त जय किशोर चौधरी ने आज रांची की पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने एक लाख रुपये के बॉन्ड पर उन्हें जमानत दे दी।
- तेलंगाना के टनल हादसे में फंसे श्रमिकों के बचाव में एनडीआरएफ की टीम जुटी है। झारखंड के श्रमिकों की कुशलता की जानकारी के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार तेलंगाना प्रशासन के संपर्क में हैं।
- जैक मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस को अहम डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जिसके आधार पर कई गिरफ्तारियां हो रही हैं।

*******************

राज्य के कोल्हान और संताल परगना के सात जिलों में आज हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। इन जिलों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

*******************

झारखंड के शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस पुरुष चैम्पियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में साहिल ने बंगाल के सौरव चौधरी को 6–0, 6–1 से हराया। साहिल ने लगातार दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।

********************